सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : एस.एस.वि.वि./सा. 336 /2020 दिनांक 18.03.2020

कार्यालय-आदेश

'कोरोना वायरस (COVID-19)' संक्रमण एक राष्ट्रीय ही नही वरन अन्तर्राष्ट्रीय समस्या बन चुका है, जिसके निदान के साथ-साथ सावधानी बरतना अहम विषय है। विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों में विभिन्न क्षेत्रों/भागों से काफी संख्या में छात्र/छात्राएं एकत्रित होकर अध्ययन करते हैं एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में प्रतिभाग करते हैं। इस संक्रमण से बचने हेतु सावधानी ही एक उपाय है। जिस हेतु शासन के पत्र संख्या-818/सत्तर-3-2020-08(20)/2020 दिनांक 13 मार्च, 2020 एवं संख्या-581/पाँच-5-2020, चिकित्सानुभाग-5 दिनांक 17 मार्च, 2020 के द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा निम्न निर्णय लिये गये हैं :-

1. विश्वविद्यालय में दिनांक 20, 21 एवं 22 मार्च, 2020 को सम्पन्न होने वाले शिक्षक चयन समितियों की बैठकें अग्रिम आदेशों तक के लिये स्थगित की जाती है। सम्बन्धित साक्षात्कार के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की नई तिथियों की सूचना अलग से प्रदान की जायेंगी।
2. अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत दिनाङ्क 02 अप्रैल, 2020 तक समस्त कक्षायें स्थगित की जाती हैं।
3. यथा सम्भव ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बचा जाय जिनमें एक जगह अधिकाधिक संख्या में छात्र, छात्राओं के एकत्रित होने की सम्भावना हो।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रतिकुलपति।
3. समस्त सङ्कायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. पुस्तकालयाध्यक्ष।
5. निदेशक, अनुसंधान/प्रकाशन संस्थान।
6. संयोजक, आई.क्यू.ए.सी. सेल को इस आशय से कि सम्बन्धित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार स्थगन की सूचना प्रेषित/अवगत कराने का कष्ट करें।
7. वित्ताधिकारी।
8. परीक्षा नियन्त्रक।
9. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय वेब-साइट पर सूचना को अपलोड कराने का कष्ट करें।
10. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
11. सहायक कुलसचिव (लेखा/परीक्षा/प्रशासन/सम्बद्धता)।
12. प्रेस व्यवस्थापक।
13. अधीक्षक (प्रशासन/लेखा)।
14. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से कि सम्बन्धित सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित करावें।
15. सम्पत्ति अधिकारी।
16. सुरक्षा अधिकारी।
17. उद्यान अधीक्षक।
18. समस्त विभागानुभाग।
19. समस्त सूचनापट्ट।
20. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी